# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2024

Your Path to Success

# खंड – अ

**प्रश्न 1 - एक एकल व्यापारी के पास होते हैं :**

**(A) असीमित स्रोत**

**(B) सीमित स्रोत**

**(C) पर्याप्त स्रोत**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) सीमित स्रोत

**अथवा**

**एक संयुक्त हिन्दू परिवार में निर्णय कौन लेता है?**

**(A) सभी सदस्य**

**(B) सर्व सम्मति**

**(C) कर्ता**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) कर्ता

**प्रश्न 2 सहकारी समिति का प्राथमिक उद्देश्य है :**

**(A) अधिक लाभ कमाना**

**(B) सदस्यों की सेवा करना**

**(C) उत्पादन बढ़ाना**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) सदस्यों की सेवा करना

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**एक संयुक्त स्टॉक कम्पनी किसके अन्तर्गत पंजीकृत होती है?**

**(A) वैधानिक अधिनियम**

**(B) चार्टर्ड अधिनियम**

**(C) कम्पनी अधिनियम**

**(D) अनुबन्ध अधिनियम**

**उत्तर -** (C) कम्पनी अधिनियम

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से कौन-सी प्रत्यक्ष वितरण की विधि नहीं है?**

**(A) प्रत्यक्ष डाक**

**(B) दलाल**

**(C) फैक्टरी बिक्री केन्द्र**

**(D) टेलिमार्केटिंग**

**उत्तर -** (B) दलाल

**प्रश्न 4 - वितरण के प्रत्यक्ष माध्यमों में शामिल है :**

**(A) उत्पादक → फुटकर विक्रेता**

**(B) उत्पादक → उपभोक्ता**

**(C) उत्पादक → एजेंट → उपभोक्ता**

**(D) फुटकर विक्रेता → उपभोक्ता**

**उत्तर –** (B) उत्पादक → उपभोक्ता

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**फुटकर विक्रेता ऐसे व्यापारी होते हैं जो वस्तुओं को _____ से खरीदते हैं :**

**(A) ग्राहकों**

**(B) थोक विक्रेताओं**

**(C) दोनों (A) व (B)**

**(D) उपभोक्ताओं**

**उत्तर -** (B) थोक विक्रेताओं

**अथवा**

**प्रश्न 5 - निम्नलिखित में से कौन-सी विज्ञापन की विशेषता नहीं है?**

**(A) अवैयक्तिक**

**(B) गैर-भुगतान**

**(C) प्रायोजक की पहचान**

**(D) जन संचार**

**उत्तर -** (B) गैर-भुगतान

**प्रश्न 6 - विज्ञापन _____ कारकों से प्रभावित होता है :**

**(A) आर्थिक**

**(B) सामाजिक**

**(C) तकनीकी**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में शामिल होता है :**

**(A) रेडियो**

**(B) टेलिविजन**

**(C) इंटरनेट**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 7 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ?**

**(A) 1976**

**(B) 1984**

**(C) 1986**

**(D) 1995**

**उत्तर –** (C) 1986

**प्रश्न 8 - यदि कोई पीड़ित उपभोक्ता राज्य आयोग के निर्णय से सन्तुष्ट नहीं है, तो वह आगे अपील कर सकता है :**

**(A) राष्ट्रीय आयोग**

**(B) जिला मंच**

**(C) भारत का सर्वोच्च न्यायालय**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर –** (A) राष्ट्रीय आयोग

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 9 - उपभोक्तावाद एक आन्दोलन है :**

**(A) उपभोक्ताओं का**

**(B) उत्पादकों का**

**(C) समाज का**

**(D) सरकार का**

**उत्तर -** (B) उत्पादकों का

**अथवा**

**यदि कोई उपभोक्ता राष्ट्रीय आयोग में पारित निर्णय से सन्तुष्ट नहीं है, तो वह आगे अपील कर सकता है**

**(A) जिला न्यायालय में**

**(B) उच्च न्यायालय में**

**(C) सर्वोच्च न्यायालय में**

**(D) किसी भी न्यायालय में**

**उत्तर -** (C) सर्वोच्च न्यायालय में

**प्रश्न 10 - कौन-सा अधिकार उपभोक्ता को उचित प्रतिकार दिलाता है?**

**(A) चुनने का अधिकार**

**(B) सुनवाई का अधिकार**

**(C) सूचित किये जाने का अधिकार**

**(D) निवारण का अधिकार**

**उत्तर -** (D) निवारण का अधिकार

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**उपभोक्ता एक व्यक्ति होता है जो :**

**(A) वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करता है।**

**(B) वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करता है।**

**(C) वस्तुओं और सेवाओं की खरीद उपयोग के लिए करता है।**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 11- निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार दर्शाता है कि उपभोक्ताओं के हितों को उचित मंचों पर ध्यान दिया जायेगा?**

**(A) सुने जाने का अधिकार**

**(B) चुनने का अधिकार**

**(C) निवारण माँगने का अधिकार**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -**(A) सुने जाने का अधिकार

**अथवा**

**निम्नलिखित में से उपभोक्ता की जिम्मेदारी कौन-सी नहीं है?**

**(A) सुना जाना**

**(B) स्वतन्त्र रूप से सोचना**

**(C) जागरूक रहना**

**(D) शिकायत करना**

**उत्तर -** (A) सुना जाना

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 12 - उपभोक्ता संरक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है :**

**(A) उपभोक्ता अज्ञानता**

**(B) असंगठित उपभोक्ता**

**(C) उपभोक्ताओं का व्यापक शोषण**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 13 - निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार दर्शाता है कि उन्हें अपने अधिकारों को जानना चाहिए और उनका प्रयोग करना चाहिए?**

**(A) सूचित होने का अधिकार**

**(B) सुने जाने का अधिकार**

**(C) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार**

**(D) चुनने का अधिकार**

**उत्तर –** (C) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

**प्रश्न 14 - आभूषणों पर मुद्रित प्रमापित चिह्न को कहा जाता है :**

**(A) आई एस आई (ISI)**

**(B) एगमार्क**

**(C) हॉलमार्क**

**(D) आई एस ओ 2009**

**उत्तर -** (C) हॉलमार्क

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**जिला आयोग के पास उन शिकायतों पर विचार करने का अधिकार क्षेत्र है जहाँ प्रतिफल के रूप में भुगतान की गई वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य _____ रुपये से अधिक नहीं है।**

**(A) 10 लाख**

**(B) 20 लाख**

**(C) 30 लाख**

**(D) 40 लाख**

**उत्तर -** (B) 20 लाख

**प्रश्न 15 वेतनभोगी रोजगार का अर्थ है :**

**(A) व्यवसाय करना**

**(B) मजदूरी या वेतन के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सेवा करना**

**(C) स्वयं कुछ आर्थिक गतिविधियों में संलग्न होना**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) मजदूरी या वेतन के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सेवा करना

**प्रश्न 16 जीविकोपार्जन के रास्ते का अर्थ है :**

**(A) अलग-अलग पदों पर कार्य करना**

**(B) जीविका के लिए अपनाया गया रास्ता**

**(C) पेशेवर डिग्री प्राप्त करना**

**(D) कार्य की उपाधि प्राप्त करना**

**उत्तर -** (B) जीविका के लिए अपनाया गया रास्ता

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 17 जीविकोपार्जन का चयन शामिल करता है :**

**(A) वेतनभोगी रोजगार**

**(B) स्व-रोजगार**

**(C) दोनों (A) व (B)**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) दोनों (A) व (B)

**अथवा**

**कैरियर चयन में आवश्यकता होती है :**

**(A) रुचि**

**(B) व्यक्तित्व**

**(C) दक्षताएँ**

**(D) ये सभी**

**उत्तर -** (D) ये सभी

**प्रश्न 18 उद्यमिता से बेरोजगारी में _____ आती है।**

**(A) वृद्धि**

**(B) कमी**

**(C) न तो वृद्धि न ही कमी**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर –** (B) कमी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 19 निम्नलिखित में से कौन सा सफल उद्यमी के गुण हैं?**

**(A) वे आश्वस्त हैं**

**(B) वे अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेते हैं**

**(C) वे कड़ी मेहनत करते हैं**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर** - (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 20 एक उद्यमी इस प्रकार कार्य करता है जैसे :**

**(A) अन्य लोग कर रहे हैं**

**(B) दूसरों से भिन्न**

**(C) एक आलसी व्यक्ति**

**(D) इनमें से कोई नहीं**

**उत्तर** - (B) दूसरों से भिन्न

**अथवा**

**निम्नलिखित में से एक उद्यमी का कार्य कौन-सा है?**

**(A) नवाचार**

**(B) जोखिम उठाना**

**(C) प्रबन्ध**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर** – (D) उपरोक्त सभी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खण्ड- ब

**प्रश्न 21 रिक्त स्थान भरिए :**

**वे क्रियाएँ जो धन कमाने के उद्देश्य से की जाती हैं, _____ कहलाती हैं।**

**उत्तर** - आर्थिक क्रियाएँ

**(ख) रोजगार के नियम और शर्तें _____ द्वारा तय की जाती हैं।**

**उत्तर** – नियोक्ता

**प्रश्न 22 रिक्त स्थान भरिए :**

**(क) (a) आज _____ के कारण सम्पूर्ण विश्व एक बड़ा बाज़ार बन गया है।**

**उत्तर** - वैश्वीकरण

**(ख) सरकार को नियमित तथा ईमानदारी के साथ करों का भुगतान _____ द्वारा निर्देशित होता है।**

**उत्तर** - व्यावसायिक नैतिकता

**प्रश्न 23 रमन जनरल स्टोर एक बड़ा व्यवसायी है जो अपने इलाके में नेस्ले के उत्पाद बेचने का काम करता है। उन्होंने नेस्ले के उत्पाद सीधे राज्य वितरक से भारी मात्रा में खरीदे और उन्हें शहर के अलग-अलग कोने से आये छोटे-छोटे दुकानदारों को बाज़ार में बेचा। रमन जनरल स्टोर द्वारा अपनाए जाने वाले व्यापार की पहचान करें।**

**उत्तर** - थोक व्यापार (रमन भारी मात्रा में खरीदता है और छोटे दुकानदारों को बेचता है).

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**'मून तेल मिल' परिष्कृत तेल उत्पादित करती है। उनका समस्त उत्पादन 'शशी तेल डिपो' द्वारा उठा लिया जाता है जो उन्हें विभिन्न फुटकर विक्रेताओं को बेचती है। श्रीमति कमला ने 3 kg तेल 'रामाजी खाद्य भण्डार' से खरीदा। उपरोक्त के आधार पर थोक व्यापारी तथा फुटकर व्यापारी का नाम लिखिए।**

**उत्तर** - **थोक व्यापारी :** शशी तेल डिपो; फुटकर व्यापारी: रामाजी खाद्य भण्डार.

**प्रश्न 24 सत्य या असत्य**

**(क) एकल स्वामी का दायित्व सीमित है।**

**उत्तर** - असत्य

**(ख) बहुराष्ट्रीय कम्पनीयों के कारण घरेलू उद्योग अपने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं।**

**उत्तर** - सत्य.

**प्रश्न 25. श्री. विकास एकल स्वामित्व वाला व्यवसाय चला रहे हैं। व्यवसाय में हानि होने के कारण उन्होंने इसे बन्द करने का फैसला लिया। समापन के दिन, सम्पत्ति 5 लाख रुपये की थी और देनदारियाँ 8 लाख रुपये की थी। उनके पास अपनी निजी सम्पत्ति भी 8 लाख रुपये की है। आपके विचार से व्यवसाय के समापन के समय लेनदारों को कितनी राशि मिलेगी?**

**उत्तर** – लेनदारों को 8 लाख मिलेंगे (5 लाख व्यवसाय से + 3 लाख निजी संपत्ति से)

**अथवा**

**श्रीमति रीटा एक व्यवसायिक संगठन शुरू करना चाहती हैं लेकिन उन्हें डर है कि यदि उनके व्यवसाय की सम्पत्ति देनदारियों को चुकाने में कम पड़ जाती है, तो उनकी व्यक्तिगत सम्पत्ति का उपयोग देनदारियों को चुकाने के लिये भी किया जा सकता है। श्रीमति रीटा को राय दें कि उन्हें किस प्रकार का व्यवसायिक संगठन शुरू करना चाहिए ताकि उनका भय समाप्त हो जाये।**

**उत्तर** – संयुक्त स्टॉक कम्पनी (दायित्व केवल शेयरों के मूल्य तक सीमित होता है).

**प्रश्न 26. सत्य या असत्य**

**(क) प्रति-उत्तर सम्प्रेषण प्रक्रिया का एक तत्व है।**

**उत्तर** – सत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(ख) किसी संगठन के लोग सम्प्रेषण से बच सकते हैं।**

**उत्तर** – असत्य

**अथवा**

**रिक्त स्थान भरो :**

**(a) जो व्यक्ति संदेश प्राप्त करता है उसे _____ कहते हैं।**

**उत्तर** – प्राप्तकर्ता

**(b) शब्दों के उच्चारण द्वारा किये जाने वाले सम्प्रेषण को _____ कहते हैं।**

**उत्तर** – मौखिक सम्प्रेषण

**प्रश्न 27. सर्वोत्तम उत्तर परीक्षण :**

**(a) चित्रों, प्रतीकों, रेखाचित्रों आदि के द्वारा हुए सम्प्रेषण को _____ कहते हैं।**

**(b) वीडियो कांफेरेंसिंग क्या है?**

**उत्तर** – (a) दृश्य सम्प्रेषण

(b) यह अलग-अलग स्थानों पर बैठे लोगों के बीच संचार के लिए एक लाइव दृश्य संपर्क है.

**प्रश्न 28. रिक्त स्थान भरो :**

**(a) के वाई सी का मतलब है _____।**

**उत्तर** – नो योर कस्टमर

**(b) किसी बैंक की बैलेन्स शीट में, जमा एक _____ है।**

**उत्तर** – देनदारी

**अथवा**

**सत्य या असत्य :**

**(a) चालू खाते में ओवरड्राफ्ट की सुविधा दी जा सकती है।**

**उत्तर** – सत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) RBI अधिनियम 1935 में लागू किया गया था।**

**उत्तर** – सत्य

**प्रश्न 29. (क) महेश के पिता 2,00,000 रुपये बचाना चाहते हैं ताकि वह उसके स्नातक दिवस पर महेश को पैसे उपहार में दे सकें। उन्हें बैंक के साथ किस प्रकार का जमा खाता खोलना चाहिए?**

**उत्तर** - सावधि जमा (FD) खाता.

**(ख) श्री. रवि के पास सीमित आय है और वह भविष्य की आवश्यकताओं के लिए पैसा बचाना चाहता है। उसे किस प्रकार का बैंक जमा खाता बैंक में खोलना चाहिए?**

**उत्तर** – बचत बैंक खाता.

**प्रश्न 30. रिक्त स्थान भरो :**

**(a) बीमा के प्रतिफल को _____ के रूप में जाना जाता है।**

**उत्तर** – प्रीमियम

**(b) पूर्ण सद्विश्वास का सिद्धांत बीमाकर्ता और बीमाधारक के बीच _____ पर आधारित है।**

**उत्तर** – आपसी विश्वास

**प्रश्न 31. यदि व्यक्ति अपनी पत्नी के नाम पर जीवन बीमा पॉलिसी लेता है और बाद में उनका तलाक हो जाता है। क्या इसका बीमा अनुबन्ध पर असर पडेगा?**

**उत्तर** – नहीं, यदि पॉलिसी लेते समय बीमा योग्य हित मौजूद था, तो यह अनुबंध को प्रभावित नहीं करेगा.

**अथवा**

**संतरे ले जाने वाले जहाज का बीमा कम्पनी से दुर्घटना से होने वाले नुकसान के लिए बीमा कराया गया था। जहाज बंदरगाह पर पहुँच गया और जहाज से संतरे उतारने में देरी हुई। नतीजा यह हुआ कि संतरे खराब हो गए। क्या बीमा कम्पनी बीमाधारक को कोई मुआवजा देने के लिए जिम्मेदार होगी?**

**उत्तर** – नहीं, नुकसान देरी के कारण हुआ, न कि बीमित समुद्री दुर्घटना के कारण.

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 32. सत्य या असत्य :**

**(a) थोक विक्रेताओं को अपने व्यवसाय के लिए छोटी पूँजी की आवश्यकता होती है।**

**उत्तर** – असत्य

**(b) जिस मार्ग से वस्तुएँ उत्पादक से उपभोक्ता तक जाती हैं, उसे वितरण माध्यम कहते हैं।**

**उत्तर** – सत्य

**प्रश्न 33. सत्य या असत्य :**

**(a) विज्ञापन एक शक्तिशाली संचार शक्ति है, और यह प्रवर्तन मिश्रण की महत्वपूर्ण गतिविधि भी है।**

**उत्तर –** सत्य

**(b) एक सेल्समैन को किसी उत्पाद अथवा सेवा की बिक्री में विज्ञापन से कोई लाभ नहीं मिलता।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 34. सत्य या असत्य :**

**(a) उपभोक्ता की जिम्मेदारी में उत्पादों और सेवाओं का उचित उपयोग शामिल है।**

**उत्तर –** सत्य

**(b) एक जिम्मेदार उपभोक्ता वह है जो अपने हितों की रक्षा स्वयं करने का प्रयास करता है।**

**उत्तर –** सत्य

**प्रश्न 35. सर्वोत्तम उत्तर परीक्षण :**

**(a) आवश्यक वस्तु अधिनियम कब लागू किया गया?**

**(b) बी आई एस का मतलब है _____।**

**उत्तर –** (a) 1955

(b) भारतीय मानक ब्यूरो.

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**रिक्त स्थान भरो :**

**(a) राज्य आयोग _____ से अधिक न हो मूल्य वाले मामलों से निपट सकता है।**

**उत्तर –** 1 करोड़ (संशोधित सीमा)

**(b) खाद्य पदार्थ मिलावट रोकथाम अधिनियम _____ वर्ष में पारित हुआ था।**

**उत्तर –** 1954

# खण्ड-स

**प्रश्न 36. साझेदारी क्या है? अपने शब्दों में समझाइए।**

**उत्तर–** साझेदारी दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच का संबंध है जो किसी ऐसे व्यवसाय के लाभ को बांटने के लिए सहमत होते हैं, जिसे उन सभी द्वारा या उनकी ओर से किसी एक द्वारा चलाया जाता है । इसमें आपसी विश्वास और असीमित दायित्व होता है।

**प्रश्न 37. मितव्ययिता एवं ऋण समिति क्या है? समझाइए।**

**उत्तर –** ये समितियां सदस्यों के बीच बचत (मितव्ययिता) की आदत को बढ़ावा देने के लिए बनाई जाती हैं । वे सदस्यों को उत्पादक या व्यक्तिगत कार्यों के लिए उचित ब्याज दरों पर छोटे ऋण प्रदान करती हैं, जिससे वे साहूकारों के शोषण से बचते हैं।

**प्रश्न 38. नेत्रहीन लोगों के लिए कौन-सा विज्ञापन माध्यम प्रभावशाली सिद्ध होगा?**

**उत्तर –** रेडियो नेत्रहीन लोगों के लिए सबसे प्रभावी माध्यम है क्योंकि यह पूरी तरह से सुनने (ऑडियो) पर निर्भर करता है । वे विज्ञापन देखे बिना ही उत्पाद के विवरण, कीमत और लाभों को सुन सकते हैं।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अशिक्षित उपभोक्ताओं के लिए कौन-सा मीडिया उपयोगी है?**

**उत्तर –** अशिक्षित उपभोक्ताओं के लिए टेलीविजन और रेडियो बहुत उपयोगी हैं । टीवी दृश्यों और ध्वनि का उपयोग करता है, जबकि रेडियो केवल ध्वनि का, जिससे उनके लिए बिना पढ़े संदेश समझना आसान हो जाता है।

**प्रश्न 39. उपभोक्ता कौन है? संक्षेप में समझाइए।**

**उत्तर –** उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो वस्तुओं को खरीदता है या सेवाओं को व्यक्तिगत उपयोग के लिए किराए पर लेता है, न कि पुनर्विक्रय या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए । खरीदार की अनुमति से उत्पाद का उपयोग करने वाला भी उपभोक्ता है।

**अथवा**

**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत एक उपभोक्ता का कोई दो राहतें दीजिए।**

**उत्तर –** वस्तुओं से दोषों को दूर करना। 2. वस्तुओं को नए और दोषरहित सामान से बदलना ।

**प्रश्न 40. COPRA का पूर्ण रूप बताइए। इससे उपभोक्ताओं को क्या लाभ होता है?**

**उत्तर –** कोपरा का पूर्ण रूप उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम है । यह उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार प्रथाओं और दोषपूर्ण वस्तुओं के खिलाफ शिकायतों के निवारण के लिए एक सरल, तेज और सस्ता तंत्र प्रदान करता है।

**प्रश्न 41. उपभोक्ताओं के सामने आने वाली किन्हीं दो समस्याओं के बारे में लिखिए।**

**उत्तर –** 1. खाद्य पदार्थों में मिलावट

2. भ्रामक विज्ञापन जो उत्पादों के बारे में गलत जानकारी प्रदान करते हैं ।

**अथवा**

**एक उपभोक्ताओं को बिजली के सामान पर आई.एस.आई. मार्क क्यों देखना चाहिए?**

**उत्तर –** सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं को बिजली के सामान पर आई.एस.आई. मार्क देखना चाहिए । यह गारंटी देता है कि उत्पाद का परीक्षण किया गया है और वह राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों को पूरा करता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम हो जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 42. तीन प्रकार की गैर-आर्थिक क्रियाओं का वर्णन कीजिए जिन्हें आप अपने आस-पास देखते हैं।**

**उत्तर –** ये वे क्रियाएं हैं जो बिना धन कमाने के उद्देश्य से प्रेम, सहानुभूति या सामाजिक दायित्व के कारण की जाती हैं ।

1. **सामाजिक :** किसी बुजुर्ग को सड़क पार करने में मदद करना।
2. **धार्मिक :** प्रार्थना के लिए मंदिर या मस्जिद जाना।
3. **परोपकारी :** जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन बांटना ।

**प्रश्न 43. वाणिज्य क्या है? ई-वाणिज्य के किन्हीं दो प्रकारों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** – ई-वाणिज्य का तात्पर्य इंटरनेट पर वस्तुओं और सेवाओं की खरीद और बिक्री से है ।

1. **B2C (व्यवसाय से उपभोक्ता) :** वेबसाइटों (जैसे अमेज़न) के माध्यम से सीधे ग्राहकों को उत्पाद बेचना।
2. **C2C (उपभोक्ता से उपभोक्ता) :** प्लेटफॉर्म (जैसे OLX) के माध्यम से उपभोक्ताओं का अन्य उपभोक्ताओं को सामान बेचना ।

**प्रश्न 44. ए.टी.एम. क्या है? यह बैंक के ग्राहकों को किस प्रकार सहायता करता है?**

**उत्तर –** ए.टी.एम. का मतलब ऑटोमेटेड टेलर मशीन है । यह बैंक ग्राहकों को बैंक जाए बिना किसी भी समय (24/7) नकद निकासी और बैलेंस पूछताछ जैसे वित्तीय लेनदेन करने की अनुमति देता है । यह सुविधा प्रदान करता है और समय बचाता है।

**अथवा**

**एक वाणिज्यिक बैंक के किन्हीं तीन द्वितीयक कार्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – 1. एजेंसी सेवाएँ :** ग्राहकों की ओर से बिलों का भुगतान करना।

**2. सामान्य उपयोगिता :** कीमती सामान के लिए लॉकर की सुविधा।

**3. वित्तीय सलाह :** निवेश के मामलों पर ग्राहकों को सलाह देना ।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 45. थोक विक्रेता एवं फुटकर विक्रेता में कोई तीन अन्तर बताइये।**

**उत्तर –**

- **मात्रा :** थोक विक्रेता बड़ी मात्रा में खरीदते हैं; फुटकर विक्रेता छोटी मात्रा में ।
- **संपर्क :** थोक विक्रेता उत्पादकों और फुटकर विक्रेताओं को जोड़ते हैं; फुटकर विक्रेता थोक विक्रेताओं और अंतिम उपभोक्ताओं को जोड़ते हैं।
- **पूँजी :** थोक विक्रेताओं को भारी पूँजी की आवश्यकता होती है; फुटकर विक्रेताओं को कम पूँजी चाहिए ।

**अथवा**

**प्रश्न 46. स्वरोजगार में सफलता के लिए किन्हीं तीन गुणों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – 1. जोखिम उठाना** : वित्तीय अनिश्चितता को संभालने की क्षमता।

**2. कड़ी मेहनत :** शुरुआत में लंबे समय तक काम करने की प्रतिबद्धता।

**3. नवाचार :** प्रतिस्पर्धा में आगे रहने के लिए नए विचार बनाना ।

**अथवा**

**व्यवसाय के क्षेत्र में नौकरी के कौन-कौन से अवसर हैं? संक्षेप में समझाइए।**

**उत्तर – 1. लिपिक कार्य :** कंपनियों में डेटा एंट्री या कार्यालय सहायक।

**2. बिक्री :** रिटेल स्टोर में सेल्सपर्सन के रूप में काम करना।

**3. प्रबंधन :** विभिन्न विभागों में जूनियर प्रबंधकीय भूमिकाएँ ।

**प्रश्न 47. एक सफल उद्यमी के किन्हीं तीन गुणों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – 1. आत्मविश्वास :** अपने कौशल और निर्णयों में विश्वास ।

**2. लक्ष्य-उन्मुख :** विशिष्ट व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना।

**3. लचीलापन :** विफलताओं से उबरने की क्षमता ।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**यदि आप पेपर कप बनाने के लिए एक छोटा उद्यम शुरू करते हैं तो आप किन कारकों पर विचार करना चाहेंगे?**

**उत्तर – 1. बाजार की मांग :** यह जांचना कि कितने लोगों को पेपर कप की आवश्यकता है।

**2. कच्चा माल :** कागज और मोम की आसान उपलब्धता।

**3. पूँजी :** मशीनों और श्रम के लिए आवश्यक धन का अनुमान ।

**प्रश्न 48. बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ क्या होती हैं? दो उदाहरण दीजिए। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** बहुराष्ट्रीय कंपनियां (MNCs) बड़े व्यावसायिक संगठन हैं जो एक से अधिक देशों में काम करती हैं और वहां उनकी उत्पादन या सेवा सुविधाएं होती हैं । उदाहरण: सैमसंग और कोका-कोला । लाभ:

1. **रोजगार :** वे मेजबान देश में नौकरी के कई अवसर पैदा करते हैं।
2. **उन्नत तकनीक :** वे आधुनिक उत्पादन विधियाँ और अनुसंधान लाते हैं।
3. **गुणवत्तापूर्ण उत्पाद :** MNCs से प्रतिस्पर्धा स्थानीय कंपनियों को अपने गुणवत्ता मानकों में सुधार करने के लिए मजबूर करती है ।

**प्रश्न 49. "एक व्यवसाय में सम्प्रेषण का उतना ही महत्व है जितना कि एक व्यक्ति के लिए रक्त संचार का"। समझाइए।**

**उत्तर –** व्यवसाय की सफलता के लिए संचार उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मानव जीवन के लिए रक्त । यह लोगों के बीच सूचनाओं, विचारों और भावनाओं के आदान-प्रदान की प्रक्रिया है।

1. **समन्वय :** यह विभिन्न विभागों को एक साझा लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने में मदद करता है।
2. **निर्णय लेना :** प्रबंधकों को प्रभावी निर्णय लेने के लिए सटीक जानकारी की आवश्यकता होती है।
3. **सुचारू कामकाज :** स्पष्ट संचार गलतफहमियों को रोकता है, संघर्षों को कम करता है और यह सुनिश्चित करता है कि निर्देशों का सही पालन हो, जिससे व्यवसाय जीवित और विकसित रहता है ।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**किसी बैंक में बचत खाता खोलने की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –**

- **आवेदन पत्र :** बैंक से खाता खोलने का फॉर्म प्राप्त करें और उसे भरें।
- **दस्तावेज़ (KYC) :** पहचान प्रमाण (आधार/पैन) और पता प्रमाण संलग्न करें।
- **संदर्भ :** यदि आवश्यक हो, तो मौजूदा खाताधारक का संदर्भ दें।
- **प्रारंभिक जमा :** न्यूनतम आवश्यक शेष राशि के साथ फॉर्म जमा करें।
- **पासबुक/चेक बुक :** बैंक विवरणों की पुष्टि करता है और पासबुक और एटीएम कार्ड जारी करता ।

**प्रश्न 50 मोहन 'X' कम्पनी के साथ 1,00,000 रुपये की बीमा पॉलिसी लेता है। आग लगने से मोहन का सामान क्षतिग्रस्त हो गया, 30,000 रुपये का नुकसान हुआ। 'X' कम्पनी वास्तविक हानि की भरपाई करेगी लेकिन मोहन पॉलिसी की पूरी राशि का दावा करता है। बीमा के उस सिद्धांत का नाम बतायें जिसका उसने उल्लंघन किया तथा उस सिद्धांत को 50 शब्दों में समझाइए।**

**उत्तर –** मोहन ने क्षतिपूर्ति के सिद्धांत का उल्लंघन किया । इस सिद्धांत के अनुसार, बीमा लाभ कमाने के लिए नहीं है, बल्कि बीमाधारक को उसी स्थिति में वापस लाने के लिए है जिसमें वह नुकसान से पहले था । बीमा कंपनी केवल हुई वास्तविक हानि की राशि का भुगतान करती है। चूंकि मोहन का वास्तविक नुकसान केवल 30,000 रुपये था, इसलिए वह केवल 30,000 रुपये का दावा कर सकता है, भले ही उसकी पॉलिसी 1,00,000 रुपये की हो । इसका लक्ष्य वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है, लाभ नहीं।

**अथवा**

**समुद्री बीमा की क्या उपयोगिता है? आयातकों तथा निर्यातकों के लिये उपयोगी विभिन्न प्रकार की समुद्री बीमा पॉलिसीयों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** समुद्री बीमा समुद्री यात्रा के दौरान होने वाले नुकसान को कवर करता है । यह आयातकों/निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनके वित्तीय हितों की रक्षा करता है। प्रकार:

1. **माल बीमा :** ले जाए जा रहे माल की रक्षा करता है।
2. **हल (जहाज) बीमा :** जहाज को नुकसान से बचाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **भाड़ा बीमा :** यदि यात्रा के दौरान माल खो जाता है, तो यह शिपिंग शुल्क के नुकसान को कवर करता है।

**प्रश्न 51. विज्ञापन से क्या अभिप्राय है? विज्ञापन की दो विशेषताएँ दीजिए। विज्ञापन के किन्हीं तीन उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** विज्ञापन एक भुगतान किया गया, गैर-व्यक्तिगत संचार है जिसका उपयोग किसी पहचान किए गए प्रायोजक द्वारा वस्तुओं या सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है ।


**विशेषताएँ:**

1. **भुगतान किया गया :** विज्ञापनदाता को स्थान या समय के लिए भुगतान करना पड़ता है।
2. **गैर-व्यक्तिगत :** यह जनसमूह के लिए है, किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं।

**उद्देश्य:**

3. **सूचित करना :** बाजार में नए उत्पादों को पेश करना।
4. **प्रेरित करना :** ग्राहकों को दूसरों के मुकाबले अपना ब्रांड खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना।
5. **याद दिलाना :** बार-बार खरीदारी के लिए उत्पाद को ग्राहक के दिमाग में बनाए रखना ।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2024
Your Path to Success

# खंड – अ

**प्रश्न 1. व्यवसाय = __________**

**(A) उद्योग + वाणिज्य**

**(B) उद्योग + व्यापार**

**(C) व्यापार + वाणिज्य**

**(D) व्यापार + व्यापार में सहायक**

**उत्तर –** (A) उद्योग + वाणिज्य

**प्रश्न 2. एक व्यवसायी द्वारा दूसरे व्यवसायी को कच्चे माल की आपूर्ति के कोटेशन भेजने को कहा जाता है :**

**(A) B2B**

**(B) B2C**

**(C) C2C**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर –** (A) B2B

**प्रश्न 3. भूकम्प किस प्रकार के जोखिम के अन्तर्गत आता है ?**

**(A) आर्थिक कारण जोखिम**

**(B) मानवीय कारण जोखिम**

**(C) प्राकृतिक कारण जोखिम**

**(D) शारीरिक कारण जोखिम**

**उत्तर –** (C) प्राकृतिक कारण जोखिम

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 4. भवन, सड़कें तथा सेतु आदि के निर्माण में संलग्न उद्योग कहलाते हैं :**

**(A) निर्माणी उद्योग**

**(B) विनिर्माण उद्योग**

**(C) निष्कर्षण उद्योग**

**(D) जननिक उद्योग**

**उत्तर –** (A) निर्माणी उद्योग

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन-सी एकल व्यापार की विशेषता नहीं है ?**

**(A) व्यक्तिगत स्वामित्व**

**(B) सीमित दायित्व**

**(C) गोपनीयता**

**(D) अविभाजित जोखिम**

**उत्तर –** (B) सीमित दायित्व

**प्रश्न 6. उस व्यावसायिक संगठन का नाम बताइए जिसमें 'पृथक कानूनी अस्तित्व' की विशेषता है।**

**(A) एकल स्वामित्व**

**(B) साझेदारी**

**(C) वकीलों की साझेदारी फर्म**

**(D) कम्पनी**

**उत्तर –** (D) कम्पनी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 7. एल एल पी (सीमित देयता भागीदारी) में अधिकतम कितने भागीदार हो सकते हैं ?**

**(A) दो**

**(B) बीस**

**(C) दस**

**(D) असीमित संख्या**

**उत्तर –** (D) असीमित संख्या

**प्रश्न 8. सार्वजनिक कम्पनी बनाने के लिए सदस्यों की न्यूनतम संख्या है:**

**(A) 2**

**(B) 7**

**(C) 12**

**(D) 21**

**उत्तर –** (B) 7

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से कौन-सा वाणिज्यिक बैंक द्वारा दिया गया अग्रिम (एडवान्स) नहीं है ?**

**(A) कैश क्रेडिट**

**(B) हुंडियों को भुनाना**

**(C) ओवरड्राफ्ट**

**(D) व्यापारिक सूचनाएँ एकत्र करना व उन्हें देना**

**उत्तर –** (D) व्यापारिक सूचनाएँ एकत्र करना व उन्हें देना

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 10. क्षतिपूर्ति का सिद्धांत निम्नलिखित पर लागू नहीं होता :**

**(A) समुद्री बीमा**

**(B) अग्नि बीमा**

**(C) जीवन बीमा**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर –** (C) जीवन बीमा

**प्रश्न 11. हमें अपनी बचतें बैंकों में रखनी चाहिए क्योंकि :**

**(A) यह सुरक्षित हैं**

**(B) कभी भी निकासी की जा सकती है**

**(C) ब्याज कमाती हैं**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर –** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 12 थोक विक्रेता ______ मात्रा में माल खरीदता है।**

**(A) थोक**

**(B) कम**

**(C) मध्यम**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर –** (A) थोक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 13 निम्नलिखित में से कौन-सी विज्ञापन की विशेषता नहीं है ?**

**(A) अवैयक्तिक**

**(B) गैर-भुगतान**

**(C) पहचाने गये प्रायोजक**

**(D) जनसंचार**

**उत्तर –** (B) गैर-भुगतान

**प्रश्न 14 ______ विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का व्यापार करता है।**

**(A) फुटकर विक्रेता**

**(B) थोक विक्रेता**

**(C) दलाल**

**(D) प्रतिनिधि**

**उत्तर –** (A) फुटकर विक्रेता

**प्रश्न 15 शब्द DAGMAR सम्बन्धित है :**

**(A) उत्पाद से**

**(B) कीमत से**

**(C) विज्ञापन से**

**(D) इनमें कोई नहीं**

**उत्तर –** (C) विज्ञापन से

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 16 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार उपभोक्ताओं के अधिकारों में निम्नलिखित अधिकार शामिल नहीं है :**

**(A) सूचित**

**(B) सुनवाई**

**(C) सुरक्षा**

**(D) प्रस्तुति**

**उत्तर –** (D) प्रस्तुति

**प्रश्न 17 राष्ट्रीय आयोग का सदस्य बनने के लिए अधिकतम आयु सीमा क्या है ?**

**(A) 65 वर्ष**

**(B) 70 वर्ष**

**(C) 35 वर्ष**

**(D) 60 वर्ष**

**उत्तर –** (B) 70 वर्ष

**प्रश्न 18 भारतीय उपभोक्ता मार्गदर्शन सोसाइटी कहाँ स्थित है ?**

**(A) मुम्बई**

**(B) दिल्ली**

**(C) पुणे**

**(D) कोलकता**

**उत्तर –** (A) मुम्बई

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 19 निम्नलिखित में से कौन-सा स्वरोज़गार का उदाहरण नहीं है ?**

**(A) शहर के एक अस्पताल में काम करने वाला डॉक्टर**

**(B) निजी प्रैक्टिस करने वाला डॉक्टर**

**(C) दुकान का मालिक**

**(D) कैफ़े का मालिक**

**उत्तर –** (A) शहर के एक अस्पताल में काम करने वाला डॉक्टर

**प्रश्न 20 उद्यमी की सफलता किस पर निर्भर करती है ?**

**(A) कड़ी मेहनत पर**

**(B) अच्छे विचार पर**

**(C) उपरोक्त दोनों पर**

**(D) इनमें कोई नहीं**

**उत्तर –** (C) उपरोक्त दोनों पर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड – ख

**प्रश्न 21 ऐसी गतिविधि का उदाहरण बताइए जो एक समय में आर्थिक होती है और दूसरे समय में गैर-आर्थिक ।**

**उत्तर – आर्थिक और गैर-आर्थिक गतिविधि का उदाहरण:**

- **आर्थिक:** एक किसान द्वारा बाजार में बेचने के लिए अनाज उगाना।
- **गैर-आर्थिक:** वही किसान द्वारा अपने परिवार के उपभोग के लिए अनाज उगाना।

**प्रश्न 22 रिक्त स्थान भरो :**

**(a) एक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी शुरू करने के लिए आवश्यक न्यूनतम पूँजी की राशि ______ रुपये है।**

**उत्तर –** 1 लाख रुपये

**(b) सहकारी समिति के सदस्यों का दायित्व ______ है।**

**उत्तर –** सीमित

**प्रश्न 23 किसी संगठन की व्यावसायिक सम्पत्ति की कीमत 90,000 रु. है लेकिन 1,20,000 रु. का ऋण बकाया है। एकल स्वामित्व वाले संगठन में लेनदार क्या कार्रवाई कर सकते हैं ?**

**उत्तर –** एकल स्वामित्व में असीमित दायित्व (Unlimited Liability) होता है। चूंकि व्यावसायिक संपत्ति (90,000) ऋण (1,20,000) चुकाने के लिए कम है, इसलिए लेनदार श्री रवि की निजी संपत्ति (घर, कार आदि) से शेष 30,000 रुपये वसूल कर सकते हैं।

**प्रश्न 24 सत्य या असत्य लिखिए।**

**(a) संचार प्रक्रिया तभी पूरी होती है जब प्राप्तकर्ता संदेश को समझ लेता है।**

**उत्तर –** सत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) संचार के मार्ग में आने वाली बाधा को शोर के नाम से जाना जाता है।**

**उत्तर –** सत्य

**प्रश्न 25 निम्नलिखित का पूर्ण रूप बताइए :**

**(a) के वाई सी (KYC)**

**उत्तर –** अपने ग्राहक को जानिए

**(b) ए टी एम (ATM)**

**उत्तर –** चालित टेलर मशीन

**प्रश्न 26 सत्य या असत्य लिखिए।**

**(a) बीमा एक सामाजिक सेवा है।**

**उत्तर –** असत्य

**(b) सभी बीमा अनुबन्ध क्षतिपूर्ति अनुबन्ध हैं।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 27 रिक्त स्थान भरो।**

**(a) संचार की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कम से कम ______ व्यक्ति होने चाहिए।**

**उत्तर –** दो

**(b) ______ संचार में ध्वनियाँ, शब्द, भाषा और भाषण शामिल हैं।**

**उत्तर –** मौखिक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 28 सत्य या असत्य लिखिए।**

**(a) जिस दर पर पैसा उधार दिया जाता है या उधार लिया जाता है उसे ब्याज दर के रूप में जाना जाता है।**

**उत्तर –** सत्य

**(b) जब एक बैंकर प्रतिभूतियों को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए स्वीकार करता है, तो बैंकर और ग्राहक के बीच सम्बन्ध प्रिंसिपल और एजेन्ट का होता है।**

**उत्तर –** असत्य

**प्रश्न 29 श्री रवि कुमार की आय सीमित है और वह भविष्य की आवश्यकताओं के लिए पैसे बचाना चाहता है। उन्हें पंजाब नेशनल बैंक में किस प्रकार का खाता खोलना चाहिए ?**

**उत्तर – आवर्ती जमा खाता :** रवि की आय सीमित है, इसलिए उसे भविष्य के लिए हर महीने एक निश्चित राशि जमा करने के लिए RD खाता खोलना चाहिए।

**प्रश्न 30 एक कम्पनी ने 7 लाख रुपये की एक अग्नि बीमा पॉलिसी ली है। तीन महीने बाद आग लगने के कारण कम्पनी को 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ। कम्पनी को मुआवजे के रूप में कितनी राशि मिलेगी ? साथ ही, इसमें शामिल बीमा का सिद्धांत भी बताइए।**

**उत्तर –** कम्पनी को 3 लाख रुपये मिलेंगे।

**सिद्धांत :** क्षतिपूर्ति का सिद्धांत । बीमा केवल वास्तविक नुकसान (3 लाख) की भरपाई करता है, भले ही पॉलिसी 7 लाख की हो। बीमा से लाभ नहीं कमाया जा सकता।

**प्रश्न 31 रिक्त स्थान भरो :**

**(a) ______ व्यवसाय या बिचौलियों की एक श्रृंखला को दर्शाता है जिसके माध्यम से अंतिम क्रेता कोई वस्तु या सेवा खरीदता है।**

**उत्तर –** वितरण का माध्यम

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) थोक विक्रेता, निर्माता और ______ के बीच एक कड़ी है।**

**उत्तर –** फुटकर विक्रेता

**प्रश्न 32 सत्य या असत्य लिखिए।**

**(a) विज्ञापन मौजूदा और नये उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने में सहायता करता है।**

**उत्तर –** सत्य

**(b) विज्ञापन में निर्माता विभिन्न मीडिया के माध्यम से सम्भावित ग्राहकों के साथ संवाद करता है।**

**उत्तर –** सत्य

**प्रश्न 33 कविता ने एक दवा खरीदी लेकिन दवा के पैकेट पर निर्माण की तारीख और समाप्ति की तारीख नहीं छपी थी। एक उपभोक्ता के हनन हो रहे अधिकार की पहचान कीजिए।**

**उत्तर – सूचना का अधिकार :** कविता को दवा की निर्माण और समाप्ति तिथि जानने का अधिकार था, जो पैकेट पर नहीं थी।

**प्रश्न 34 रिक्त स्थान भरिए :**

**(a) जिला स्तरीय न्यायालय ______ तक के दावों से सम्बधित उपभोक्ता विवाद मामलों से निपटता है।**

**उत्तर –** 20 लाख रुपये

**(b) भारत ______ को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाता है।**

**उत्तर –** 24 दिसम्बर

**प्रश्न 35 सत्य या असत्य लिखिए।**

**(a) छोटे कारोबार के लिए बड़ी मात्रा में कार्यशील पूँजी की जरूरत नहीं होती।**

**उत्तर –** सत्य

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) 'क्रेता सावधान रहो' की जगह 'विक्रेता सावधान रहो' ने ले ली है।**

**उत्तर –** सत्य

# खण्ड-स

**प्रश्न 36 कोविड-19 महामारी के दौरान सतीश की नौकरी चली गई। अब वह अपने गृह नगर में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता है। सतीश के पास सीमित वित्त उपलब्ध है और वह व्यवसाय शुरू करने के लिए बहुत अधिक कानूनी औपचारिकताओं में नहीं उलझना चाहता। सतीश को सुझाव दें कि उसे किस तरह के व्यवसाय संगठन में आगे बढ़ना चाहिए।**

**उत्तर – सतीश के लिए सुझाव :** सतीश को एकल स्वामित्व (Sole Proprietorship) व्यवसाय चुनना चाहिए।

- इसे शुरू करने के लिए कम पूंजी की आवश्यकता होती है।
- कानूनी औपचारिकताएं बहुत कम होती हैं, जो सतीश की स्थिति के लिए उपयुक्त है।

**अथवा**

**रोहन और सचिन ने एक गोदाम खरीदा, जिस पर उन्होंने बराबर-बराबर पैसा लगाया। उन्होंने गोदाम को किराये पर दे दिया और प्राप्त भाड़ा राशि को आपस में बराबर-बराबर बाँट लिया। क्या रोहन और सचिन साझेदार हैं? स्पष्ट करें।**

**उत्तर –** नहीं, वे साझेदार नहीं हैं, वे केवल सह-मालिक हैं। साझेदारी के लिए केवल लाभ कमाना नहीं, बल्कि एक व्यवसाय  चलाना आवश्यक है। वे केवल संपत्ति से प्राप्त किराया बाँट रहे हैं, कोई व्यापार नहीं कर रहे।

**प्रश्न 37 एक फुटकर व्यापारी के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** माल का संग्रहण: वह विभिन्न थोक विक्रेताओं से अलग-अलग प्रकार का माल खरीदकर इकट्ठा करता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

माल को छोटी मात्रा में बेचना: वह उपभोक्ताओं की आवश्यकतानुसार वस्तुओं को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बेचता है।

**अथवा**

**प्रत्यक्ष चैनल क्या है? इसके कोई दो उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर – प्रत्यक्ष चैनल :** जब उत्पादक अपना माल बिना किसी बिचौलिए (जैसे थोक या फुटकर विक्रेता) के सीधे उपभोक्ता को बेचता है, तो इसे प्रत्यक्ष चैनल कहते हैं। उदाहरण: (1) बाटा शूज (Bata), (2) यूरेका फोर्ब्स (घर-घर बिक्री)।

**प्रश्न 38 उपभोक्ता के लिए 'चुनने के अधिकार' से क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर – चुनने का अधिकार :** उपभोक्ता को यह अधिकार है कि वह बाजार में उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं में से अपनी पसंद, आवश्यकता और बजट के अनुसार वस्तु का चयन करे। विक्रेता उस पर कोई विशेष वस्तु थोप नहीं सकता।

**प्रश्न 39 उन उपभोक्ता अदालतों के नाम बताइए जहाँ पर उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज की जाएगी।**
**उत्तर – उपभोक्ता अदालतें:**

1. **जिला मंच :** जिला स्तर पर।
2. **राज्य आयोग :** राज्य स्तर पर।
3. **राष्ट्रीय आयोग :** राष्ट्रीय स्तर पर।

**अथवा**

**(ii) व्यवसाय के दृष्टिकोष से उपभोक्ता संरक्षण के महत्व के कोई दो बिन्दु बताइए।**

**उत्तर – दीर्घकालिक हित :** ग्राहकों के हितों की रक्षा करने वाला व्यवसाय लंबे समय तक चलता है और लाभ कमाता है।

**सामाजिक उत्तरदायित्व :** व्यवसाय समाज के संसाधनों का उपयोग करता है, इसलिए उपभोक्ताओं की रक्षा करना उसका कर्तव्य है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 40 उपभोक्तावाद की अवधारणा का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** उपभोक्तावाद उपभोक्ताओं का एक संगठित आंदोलन है जिसका उद्देश्य बाजार में अनुचित व्यापार प्रथाओं (जैसे मिलावट, जमाखोरी) के खिलाफ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

**प्रश्न 41 किन्हीं दो निर्देशों का उल्लेख कीजिए जो उपभोक्ता न्यायालय द्वारा विपक्षी पक्ष को जारी किये जा सकते हैं यदि वह शिकायत की वास्तविकता के बारे में सन्तुष्ट हो।**

**उत्तर –** वस्तु से दोष (Defect) हटाने का।

उपभोक्ता को वस्तु की कीमत वापस (Refund) करने का।

**प्रश्न 42 ममता के पास कुछ ऐसी किताबें थीं जो बाज़ार में दुर्लभ थीं। उसकी एक सहेली को उन किताबों की जरूरत थी। ममता ने वे सारी किताबें अपनी सहेली को 4,000 रुपये में बेच दीं और 1,000 रुपये का लाभ कमाया। क्या उसके इस काम को व्यवसाय कहा जा सकता है ?**

**उत्तर –** नहीं, ममता का कार्य व्यवसाय नहीं है।

**कारण :** व्यवसाय की एक मुख्य विशेषता "लेन-देन में नियमितता" है। ममता ने केवल एक बार अपनी पुरानी किताबें बेची हैं। यह एक संयोग है, नियमित व्यापार नहीं।

**अथवा**

**अजय और विजय दो मित्र हैं। दोनों अलग-अलग व्यवसाय कर रहे हैं। अजय का व्यवसाय फैशन और कीमतों में बदलाव का सामना कर रहा है और वह कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण भी बहुत परेशान है। दूसरी ओर कर्मचारियों की बेईमानी, ग्राहकों की बेईमानी और हड़ताल और तालाबन्दी के कारण विजय के व्यवसाय में बड़ी बाधा आ रही है। बताइए कि दोनों मित्र किस प्रकार के व्यवसायिक जोखिम से गुजर रहे हैं या पीड़ित हैं?**

**उत्तर – अजय (फैशन/कीमत में बदलाव) :** वह आर्थिक कारणों से पीड़ित है, जो बाजार की अनिश्चितताओं (मांग, फैशन) से जुड़े हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**विजय (बेईमानी/हड़ताल) :** वह मानवीय कारणों  से पीड़ित है, जो कर्मचारियों की बेईमानी या हड़ताल जैसी मानवीय गलतियों से उत्पन्न होते हैं।

**प्रश्न 43  ई-वाणिज्य के किन्हीं तीन लाभों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –**

- **वैश्विक पहुँच :** व्यापारी पूरी दुनिया में कहीं भी अपना माल बेच सकते हैं।
- **24/7 उपलब्धता :** ग्राहक दिन-रात कभी भी खरीदारी कर सकते हैं।
- **कम लागत :** दुकान या शोरूम का खर्च नहीं होता, जिससे माल सस्ता मिलता है।

**अथवा**

**उद्योग से क्या अभिप्राय है? उद्योगों के कोई दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – उद्योग और प्रकार :**

**उद्योग :** वह गतिविधि जिसमें कच्चे माल को पक्के माल में बदला जाता है या संसाधनों का निष्कर्षण किया जाता है।

**प्रकार:**

1. **प्राथमिक उद्योग :** प्रकृति से जुड़े कार्य (जैसे- खेती, खनन)।
2. **द्वितीयक उद्योग :** माल निर्माण (जैसे- कपड़ा मिल)।

**प्रश्न 44  संचार प्रक्रिया के तत्वों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –**

- **प्रेषक :** संदेश भेजने वाला व्यक्ति।
- **संदेश :** वह सूचना या विचार जो भेजा जाना है।
- **माध्यम :** संदेश भेजने का तरीका (जैसे फोन, पत्र)।
- **प्राप्तकर्ता :** संदेश प्राप्त करने वाला।
- **प्रतिपुष्टि :** प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 45 विज्ञापन के महत्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –**

- **बिक्री में वृद्धि :** यह उपभोक्ताओं को आकर्षित कर उत्पाद की मांग बढ़ाता है।
- **उपभोक्ताओं को शिक्षा :** यह नए उत्पादों और उनके उपयोग के बारे में जानकारी देता है।
- **ब्रांड छवि :** लगातार विज्ञापन से कंपनी की साख बनती है।

**प्रश्न 46 उपभोक्ताओं के समक्ष आने वाली किन्हीं तीन समस्याओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –**

- **मिलावट :** खाने-पीने की चीजों में घटिया पदार्थ मिलाना।
- **कम तोलना :** विक्रेता अक्सर निर्धारित वजन से कम सामान देते हैं।
- **भ्रामक विज्ञापन :** विज्ञापनों में झूठे दावे करके ग्राहकों को ठगा जाता है।

**अथवा**

**उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए उपभोक्ता संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) के किन्हीं तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –**

- **पभोक्ता शिक्षा :** सेमिनार आदि के जरिए उपभोक्ताओं को जागरूक करना।
- **कानूनी सहायता :** पीड़ित उपभोक्ताओं को केस लड़ने में मदद करना।
- **उत्पादों का परीक्षण :** लैब में उत्पादों की जांच कर रिपोर्ट प्रकाशित करना।

**प्रश्न 47 कैरियर चुनने के महत्व का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –**

- **आर्थिक सुरक्षा :** यह भविष्य की आय और जीवन स्तर तय करता है।
- **संतुष्टि :** अपनी रुचि का करियर चुनने से काम में मन लगता है और खुशी मिलती है।
- **योगदान :** सही व्यक्ति देश के विकास में बेहतर योगदान दे सकता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**प्रश्न 48 संयुक्त स्टॉक कम्पनियों के किन्हीं तीन लाभों और दो सीमाओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –**

**लाभ :**

1. **सीमित दायित्व :** शेयरधारकों का दायित्व केवल उनके शेयरों की राशि तक सीमित होता है। निजी संपत्ति सुरक्षित रहती है।
2. **विशाल वित्तीय संसाधन :** कंपनी शेयर जारी करके बड़ी मात्रा में पूंजी जुटा सकती है।
3. **स्थायित्व :** किसी सदस्य की मृत्यु या दिवालिया होने से कंपनी बंद नहीं होती।

**सीमाएं :**

1. **गठन में जटिलता :** इसे शुरू करने में बहुत कानूनी कार्रवाई और समय लगता है।
2. **गोपनीयता का अभाव :** कंपनी को अपने खाते जनता के लिए प्रकाशित करने पड़ते हैं।

**प्रश्न 49 एच डी एफ सी बैंक एक निजी क्षेत्र का बैंक है जो अपने ग्राहकों को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करता है। यह अपने ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के बैंक खातों का विकल्प प्रदान करता है। गीता एक व्यवसायी है और उसने ऐसे खाते का प्रकार चुना है जिसमें जमा राशि सबसे अधिक तरल होती है और एक दिन में लेनदेन की संख्या या राशि की कोई सीमा नहीं होती है। दूसरी ओर, उसकी माँ ने एक ऐसे प्रकार का खाता खोला जहाँ वह अपनी बचत के पैसे आसानी से जमा कर सकती है। उसे चैक की सुविधा और जमा और निकासी के लिए बहुत लचीलापन मिला है, जबकि गीता के भाई कार्तिक ने ऐसा खाता खोला जहाँ वह दो वर्षों के लिए 3,000 रुपये प्रति माह जमा करेगा। उपरोक्त मामले के संदर्भ में :**

**(a) गीता और उसके परिवार द्वारा उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के बैंक खातों की पहचान करें।**
**(b) दो अन्य प्रकार के खातों को संक्षेप में समझाइये।**

**उत्तर – (a) खातों के प्रकार :**

1. **गीता : चालू खाता** - व्यापारियों के लिए, लेन-देन की कोई सीमा नहीं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **माँ: बचत खाता** - बचत और चेक सुविधा के लिए।

3. **कार्तिक : आवर्ती जमा खाता** - हर महीने निश्चित राशि जमा करना।

**(b) दो अन्य खाते:**

1. **सावधि जमा :** एकमुश्त राशि एक निश्चित समय के लिए जमा की जाती है। इस पर ब्याज सबसे अधिक मिलता है।

2. **बहुविकल्पीय जमा :** यह बचत और FD का मिश्रण है। अतिरिक्त पैसा अपने आप FD में चला जाता है।

**अथवा**

**अनिल अपना बचत खाता खुलवाने के लिए 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' जाता है। बैंक में जाने पर उसे पता चलता है कि वहाँ ऐसा खाता उपलब्ध है जो बचत खाते से बेहतर है। इस खाते की खासियत यह है कि जब भी खाते में जमा राशि एक निश्चित राशि से अधिक हो जाती है, तो वह राशि सावधि जमा में स्थानांतरित हो जाती है। सावधि जमा पर मिलने वाला ब्याज बचत खाते से अधिक होता है। यह खाता बचत खाते और सावधि जमा दोनों का उद्देश्य पूरा करता है। अनिल यह खाता खुलवाता है। इस खाते को पहचानें और समझाइए।**

**उत्तर – अनिल का खाता: पहचान :** यह बहुविकल्पीय जमा खाता है। व्याख्या:

- यह खाता बचत खाते की तरलता (पैसे कभी भी निकालने की सुविधा) और सावधि जमा (FD) के उच्च ब्याज का लाभ एक साथ देता है।

- कार्य: जब खाते में जमा राशि एक निश्चित सीमा (जैसे 10,000) से ऊपर जाती है, तो अतिरिक्त पैसा अपने आप FD में बदल जाता है । अगर अनिल को पैसे निकालने हों और बचत खाते में कम हों, तो पैसा अपने आप FD से वापस आ जाता है ।

**प्रश्न 50 विज्ञापन से क्या तात्पर्य है ? इसकी किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – अर्थ :** विज्ञापन एक भुगतान किया गया और गैर-व्यक्तिगत संचार का माध्यम है, जिसके द्वारा एक पहचाना गया प्रायोजक अपने माल, सेवाओं या विचारों को बढ़ावा देता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**विशेषताएं :**

1. **भुगतान स्वरूप :** यह मुफ्त नहीं होता, इसके लिए मीडिया को पैसे देने पड़ते हैं।
2. **अवैयक्तिक :** इसमें विक्रेता और खरीदार आमने-सामने नहीं होते।
3. **पहचाना गया प्रायोजक :** विज्ञापन देने वाली कंपनी का नाम स्पष्ट होता है।
4. **व्यापक पहुँच :** यह टीवी या अखबार के जरिए एक साथ लाखों लोगों तक पहुँचता है।

**प्रश्न 51 उद्यमिता का क्या अर्थ है? एक उद्यमी के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – अर्थ :** उद्यमिता नए अवसरों को खोजने, संसाधन जुटाने और जोखिम उठाकर व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया है।

**उद्यमी के कार्य:**

1. **नवाचार :** नए उत्पाद, नई तकनीक या नए बाजार की खोज करना।
2. **जोखिम उठाना :** वह व्यवसाय के नफे-नुकसान का जिम्मेदार होता है।
3. **निर्णय लेना :** क्या उत्पादन करना है और कहाँ बेचना है, यह तय करना।
4. **संसाधन जुटाना :** भूमि, श्रम, पूंजी और मशीनरी को इकट्ठा करना।

**अथवा**

**यदि आप नहाने का साबुन बनाने का छोटा उद्यम शुरू करते हैं, तो आप किन कारकों पर विचार करना चाहेंगे ?**

**उतर - साबुन बनाने का व्यवसाय शुरू करने के कारक :** नहाने का साबुन बनाने का छोटा उद्यम शुरू करते समय निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए:

1. **उत्पाद का चयन :** आप कैसा साबुन बनाएंगे? (हर्बल, खुशबूदार आदि)।
2. **वित्त :** कच्चा माल और मशीनरी के लिए पूंजी की व्यवस्था।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **स्थान :** ऐसी जगह जहाँ कच्चा माल आसानी से मिले और बाजार पास हो।

4. **प्रतिस्पर्धा :** बाजार में मौजूद बड़े ब्रांड्स (जैसे Lux, Dove) से कीमत या गुणवत्ता के आधार पर मुकाबला।

5. **कानूनी औपचारिकताएं :** ज़रूरी लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के साथ सुरक्षा और क्वालिटी स्टैंडर्ड का पालन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success